तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 23 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



जवानों ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने लिया संकल्प
4





(अकलतरा) प्रवेश प्रारंभ (अकलतरा)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: पोड़ीभांठा रोड (रेल्वे स्टेशन के पास) अकलतरा
मो. 9203914563, 9203914561, 9425556340


## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी 2026 के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के है वे बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान दिया है, नामांकन के लिए पात्र हैं वे ऑनलाइन आवेदन प्रेषित कर सकते है।

### कार्रवाई के चार दिन बाद फिर शुरु हुआ रेत का अवैध कारोबार

**शिवरीनारायण।** महानदी क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का खेल एक बार फिर शुरू हो गया है। 18 जून को प्रशासन एवं खनिज विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में कई वाहनों को जब्त कर अवैध कारोबार पर लगाम लगाने का दावा किया गया था, लेकिन महज चार दिन बाद 22 जून को फिर से रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में दौड़ते नजर आए। इससे प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि महानदी के विभिन्न घाटों से लगातार अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है। दिनदहाड़े रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर चलते देखे जा सकते हैं। नागरिकों का कहना है कि अवैध उत्खनन से न केवल शासन को राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि नदी के प्राकृतिक स्वरूप और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके बावजूद रेत माफियाओं के खिलाफ लगातार और प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### बड़े मंगलवार पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना आज

**जांजगीर-चांपा।** बड़े मंगलवार के अवसर पर 23 जून को श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। मंदिर के पुजारी पं. किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि सायं काल 7 बजे हनुमान जी का सेनदुराभिषेक किया जाएगा। इसी प्रकार 7:30 बजे हनुमान जी की महाआरती तथा रात्रि 8 बजे से सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा।

### 17 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पामगढ़।** देशी, अंग्रेजी और महुआ शराब के साथ अलग अलग दो प्रकरण में पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 17 लीटर शराब जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में ओम नारायण भारद्वाज उम्र 38 साल निवासी मेंउ और हरप्रसाद रत्नाकर उम्र 65 साल निवासी रसौटा शामिल है। ओम नारायण भारद्वाज के कब्जे से 32 नग देशी शराब और 2 नग बीयर तथा हरप्रसाद रत्नाकर के कब्जे से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है। जब्त शराब की कीमत 5920 रुपये बताई जा रही है।


### किराएदारों का नहीं हो पा रहा वेरिफिकेशन, मकान मालिक नहीं दे रहे जानकारी

# बाहरी लोगों की पुलिस के पास नहीं कुंडली, सुरक्षा पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तेजी से बढ़ते जिले में उद्योगों के विस्तार और रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में श्रमिक और निजी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारी किराये के मकानों में रह रहे हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश किराएदारों का पुलिस सत्यापन नहीं कराया गया है। पुलिस रिकॉर्ड में इनकी जानकारी नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है।

जिले के शहरी और औद्योगिक क्षेत्रों में बाहरी लोगों की आमद बीते कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। रोजगार की तलाश में आने वाले लोग मकान किराये पर लेकर रह रहे हैं, लेकिन कई मकान मालिक पुलिस को किराएदारों की जानकारी देने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। पुलिस द्वारा समय-समय पर किराएदार सत्यापन कराने की अपील की जाती है, इसके बावजूद नियमों का पालन नहीं हो रहा है। पुलिस के पास बाहरी लोगों की कुंडली नहीं होने से गंभीर अपराधों का खतरा भी बढ़ गया है। अविभाजित जांजगीर चाम्पा जिले में आधा दर्जन से अधिक बड़े उद्योगों का संचालन हो रहा है। इन उद्योगो में बिहार, झारखण्ड, आंध्र प्रदेश, पंजाब व अन्य राज्य के लोग काम कर रहे हैं। इनमें से ज्यादातर ठेका श्रमिक होते हैं। औद्योगिक क्षेत्रों में काम करन के लिए पड़ोसी राज्यों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकांश लोग निजी मकानों, लॉज और किराये के कमरों में निवास कर रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक किराएदार की जानकारी स्थानीय थाने में दर्ज होना आवश्यक है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। मकान मालिक को किराएदार का पहचान पत्र, स्थायी पता, मोबाइल नंबर और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी संबंधित थाने में उपलब्ध करानी चाहिए। मकान मालिक इस प्रक्रिया को नजर अंदाज कर रहे हैं। इससे पुलिस के पास जिले म रह रहे बाहरी लोगो का पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।



#### विशेष अभियान चलाने की जरूरत

पुलिस विभाग को किराएदार सत्यापन को लेकर विशेष अभियान चलाने की जरूरत है। इसके तहत मकान मालिकों को नोटिस जारी करने के साथ सत्यापन नहीं कराने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की जा सकती है। एसपी विजय कुमार पाण्डेय ने इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं। वहीं किरादारों का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए और कार्रवाई से बचने अपने किराएदारों का सत्यापन जरूर कराएं।

#### जानकारी नहीं देने पर होगी कार्रवाई

सभी थाना प्रभारियों को गंभीरता से मुसाफिरी दर्ज करने और किराएदारो का सत्यापन करने निर्देश जारी किया गया है। अकलतरा के मामले में मकान मालिक को धारा 211 का नोटिस जारी किया गया है। किराएदारों की जानकारी नहीं देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-विजय पाण्डेय,
एसपी जांजगीर चाम्पा

#### अकलतरा की घटना ने बढ़ाई चिंता

अकलतरा में पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिस पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई एस आई से जुड़े तत्वों के संपर्क में रहकर देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सेवक सिंह निवासी पट्टी, थाना पट्टी, जिला तरन तारण (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि अकलतरा के मिनीमाता चौक के पास मकान में अन्य प्रदेशों के कई व्यक्ति किराए पर रह रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और किरायेदारों का सत्यापन किया। इसी दौरान सेवक सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वयं को पाकिस्तान सीमा क्षेत्र के समीप का निवासी बताया। संदेह के आधार पर पुलिस ने उसके मोबाइल फोन की जांच की, जिसमें पाकिस्तान, सऊदी अरब तथा अन्य विदेशी नंबरों से संपर्क के प्रमाण मिलने का दावा किया गया है। मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। सेवक सिंह 4 माह पहले अकलतरा पहुंचा था और जे एस डब्लू पावर प्लांट में ठेका श्रमिक के रुप में काम कर रहा था। वह अकलतरा में किराए पर मकान लेकर रह रहा था। मकान मालिक ने किरादार की जानकारी पुलिस को नहीं दी थी। पुलिस अब मकान मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई करने की तैयारी में है। मकान मालिक को धारा 211 का नोटिस जारी किया गया है।

#### गंभीर अपराध का बढ़ा खतरा

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि किराएदारों का सत्यापन नहीं होने से आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी आसानी से पहचान छिपाकर रह सकते हैं। चोरी, लूट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध और अन्य गंभीर वारदातों की स्थिति में ऐसे लोगों की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। कई मामलों में देखा गया है कि अपराधी किराये के मकानों में रहकर घटनाओं को अंजाम देते हैं और बाद में फरार हो जाते हैं। जानकारी स्थानीय थाने में दर्ज नहीं होने के कारण ऐसी स्थिति में पुलिस कार्रवाई भी नहीं कर पाती। जानकारों का मानना है कि किराएदार सत्यापन केवल कानूनी औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज और क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम है। समय पर जानकारी उपलब्ध होने से अपराधों की रोकथाम और जांच में पुलिस को काफी मदद मिलती है। जिले में बढ़ती बाहरी आवाजाही को देखते हुए किराएदार सत्यापन की व्यवस्था को प्रभावी बनाना समय की आवश्यकता बन गया है। इधर शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में दिगर स्थानों से फेरी वाले भी पहुंचते है। कई तरह के घुमंतू व्यापारी जगह-जगह पर सामान की बिक्री करते है। ऐसे लोग अलग-अलग स्थानों पर घूमकर अपना व्यापार चलाते है। ऐसे लोगों की मुसाफिरी दर्ज करने को लेकर भी पुलिस प्रशासन के मुस्तैदी की जररुत महसूस की जा रही है।



घटना के बाद सड़क से नीचे उतरा ट्रेलर और मौके पर पहुंची पुलिस।

## ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत

### दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

तेज़ रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक में बैठे दो अन्य लोगों ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़पार की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुलीपोटा निवासी शिव कुमार यादव अपनी पत्नी नर्मदा बाई यादव को सोमवार 22 जून को ट्रेनिंग के लिए छोड़ने पामगढ़ आया था। नर्मदा बाई आंगनबाड़ी में सहायिका है। शिव कुमार अपनी पत्नी को बीआरसी में छोड़कर बाइक से वापस कुलीपोटा लौट रहा था। वह मुड़पार के जोगिया तालाब के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बाइक को टक्कर मारकर ट्रेलर अनियंत्रित हो गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे दो अन्य लोगों ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इधर ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार शिवकुमार यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। लोगों की भीड़ मौके पर उमड़ पड़ी। घटना की सूचना पर डॉयल 112 की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने शिवकुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इधर शिवकुमार की पत्नी नर्मदा बाई को भी घटना की सूचना दी गई। नर्मदा सीधे पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया की ट्रेलर बहुत ही तेज़ गति से आ रहा था। वाहन से चालक का नियंत्रण नहीं था। हादसे के दौरान बाइक सवार के अलावा अन्य दो युवक ट्रेलर से बचने के लिए सड़क किनारे कूदे, दोनों किसी तरह सड़क किनारे कूदकर अपनी जान बचाने में सफल रहे, लेकिन शिव कुमार यादव ट्रेलर की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह सड़क से दूर झाड़ियों में जा गिरा। पुलिस ने ट्रेलर चालक को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल में शिक्षक-शिक्षिका का आपत्तिजनक वीडियो वायरल, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय स्कूल में शिक्षक और शिक्षिका का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने डीईओ को जांच के निर्देश दिए है। डीईओ ने जांच के लिए टीम गठित कर दी है।

जिले में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक सरकारी स्कूल के स्टाफरूम का कथित आपत्तिजनक वीडियो तेजी से वायरल होने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। वीडियो को लेकर जिलेभर में चर्चा का माहौल है और अभिभावकों समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो नवागढ़ विकासखंड के एक शासकीय विद्यालय से जुड़ा बताया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से यह वीडियो मोबाइल फोन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों के बीच साझा किया जा रहा है। वीडियो के प्रसारित होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों में नाराजगी देखी जा रही है। मामले के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों और छात्र संगठनों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। हालांकि वीडियो की सत्यता को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इधर स्कूल में शिक्षकों के आपत्तिजनक हालत में विडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में पहुंच गया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा को जांच के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा ने वीडियो की सत्यता, स्थान और समय की पुष्टि के लिए जांच शुरू करा दी है। डीईओ द्वारा मामले की जांच के लिए प्राचार्यों की एक टीम गठित कर दी गई है। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पांच दिन बाद भी नहीं चल पाया युवक को कुचल कर भागने वाले वाहन का पता

**डभरा।** पुलिस विभाग में नौकरी की तैयारी करने सुबह दौड़ लगाने गए युवक अज्ञात वाहन के द्वारा कुचल कर फरार हुए वाहन का पांच दिन बित जाने के बाद भी पता नहीं चल पाया है और अब परिजन ज्ञापन सौंप कर आंदोलन करने की चेतावनी दिए हैं। विदित हो कि नगर के देव चन्द्रा नामक पच्चीस वर्षीय युवक पुलिस विभाग में नौकरी करने की तैयारी कर रहा था और उसी सिलसिले में प्रतिदिन सुबह दौड़ लगाता था। 18 जून की सुबह वह दौड़ लगा रहा था तभी चंद्रपुर से डभरा की ओर जा रही अज्ञात वाहन ने देव चन्द्रा को कुचल कर फरार हो गया जिससे युवक देव चन्द्रा की मौके पर ही मौत हो गई और उक्त घटना में प्रयुक्त अज्ञात वाहन को को पांच दिवस बीत जाने के बाद भी पुलिस पता नहीं लगा पाई है। इसी आक्रोश में मृतक के परिजन एवं नगर की जनता के द्वारा सोमवार 22 जून को थाना एवं उच्च अधिकारियों के नाम से ज्ञापन सौंपा है और चेतावनी दिया है कि 25 जून तक अज्ञात वाहन एवं उसके चालक पर कार्यवाही नहीं किया गया तो चक्काजाम करते हुए उग्र आंदोलन किया जाएगा। विदित हो कि नगर डभरा एवं आसपास में पिछले छः महीने में अज्ञात वाहनों की वजह से कई जाने जा चुकी है और उन वाहनों एवं वाहन चालकों को पुलिस पता नहीं लगा पाई है दुर्घटना की दूसरी वजह यह है कि सड़क पर भारी भरकम वाहन तेज रफ्तार से चलते हैं उन पर पुलिस विभाग के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया जा रहा है सिर्फ छोटे वाहनों पर एम बी एक्ट की कार्यवाही कर खानापूर्ति कर दिया जाता है और इसी वजह से आए दुर्घटना हो रही है और लोगों की जान जा रही है।



## खाद वितरण में अनियमितता, दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

- जांच के दौरान टीम ने 63 मीट्रिक टन खाद किया जब्त

उर्वरक वितरण में अनियमितता पाए जाने पर विक्रय प्रतिबंधित करते हुए दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान 30 मीट्रिक टन यूरिया, 13.9 मीट्रिक टन एसएसपी पाउडर तथा 20 मीट्रिक टन एएसपी को जब्त किया गया है।

जिले के निजी उर्वरक व्यापारियों के प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही खाद की कालाबाजारी एवं निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विगत दिवस किसानों को खाद विक्रय में अनियमितता पाए जाने के कारण मेसर्स कमल सेल्स, प्रो. कमल चंद्रा विकासखंड मालखरौदा के विक्रय स्थल का निरीक्षण कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक एवं मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश-1985 के नियमों के उल्लंघन सहित कई अनियमितताएं पाई गईं। जांच में यह पाया गया कि विक्रेता द्वारा आदेश की धारा के नियमों का पालन नहीं किया गया था। अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए प्रतिष्ठान में उपलब्ध खाद के स्टॉक की बिक्री तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दी गई। साथ ही संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई के दौरान 30 मीट्रिक टन यूरिया, 13.9 मीट्रिक टन एसएसपी पाउडर तथा 20 मीट्रिक टन एएसपी को जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक संचालक कृषि सुमान सिंह पैकरा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी ऋतुराज, उर्वरक निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव, कृषि विकास अधिकारी आर.एन. गर्ग उपस्थित रहे। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक एवं मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश-1985 के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। विभाग नियमित निरीक्षण एवं नियमानुसार कार्रवाई के माध्यम से किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों से अपील की गई है कि अधिक कीमत वसूली, कालाबाजारी अथवा अन्य अनियमितताओं की जानकारी अपने नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय को अवश्य दें।



दुकान को सील करता अमला।

### लोकल यात्रियो की बढ़ी परेशानी, 5 जुलाई तक इस तरह के रहेंगें हालात

## ऑटो सिग्नलिंग और चौथी रेल लाइन विस्तार कार्य से दर्जनों ट्रेने प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन में ऑटो सिग्नलिंग और चौथी रेल लाइन से जुड़े नान इंटरलार्किंग कार्य के चलते यहां से गुजरने वाली दर्जनो ट्रेने प्रभावित हो रही है। इनमें से आधा दर्जन ट्रेनो को रद्द कर दिया गया है तो वही आधा दर्जन ट्रेने प्रभावित है। ऐसे में इस रुट से होकर आवागमन करने वाले रेल यात्रियों की परेशानी और भी बढ़ गई है। इस तरह की समस्या 5 जुलाई तक रहेगी।

गौरतलब है कि सोमवार 22 जून से जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में ऑटो सिग्नलिंग कार्य और चौथा रेल्वे लाइन से जुड़े कार्य से जुड़े इंटरलार्किंग कार्य के चलते स्टेशन से होकर गुजरने वाली दर्जनो ट्रेने प्रभावित हो रही है। इनमें आधा दर्जन ट्रेन रद्द तो इतने ही ट्रेन प्रभावित होकर चल रही है, जिसके कारण जांजगीर-नैला के साथ साथ चांपा, देवरी सारागांव, कापन, अकलतरा, कोटमीसोनार से होकर रेल यात्रा करने वाले यात्रियो की परेशानी और भी बढ़ गई है। जो ट्रेने कैंसिल की गई या फिर प्रभावित हो रही है उनमें ज्यादातर ट्रेने लोकल ही है। जिले के लोग ट्रेनो के माध्यम से बिलासपुर, कोरबा, रायगढ,रायपुर, भाठापारा, खरसिया समेत अन्य मार्गो की ओर बडी संख्या में आवाजाही करते है। रद्द की गई ट्रेनों में रायगढ बिलासपुर मेमू लोकल, बिलासपुर-गेवरारोड, बिलासपुर-कोरबा, रायपुर गेवरारोड एवं कोरबा रायपुर लोकल ट्रेनो को 22 जून से 3 जुलाई के बीच रद्द किया गया है। इसी प्रकार गोंदिया झारसुगडा 22 जून से 3 जुलाई के बीच प्रभावित रहेंगी। बिलासपुर-झारसुगड़ा, झारसुगडा-गोंदिया एवं बिलासपुर अमृतसर एक्सप्रेस भी इस दौरान प्रभावित रहेंगी। इधर ट्रेनो के रद्द होने से रेल यात्रियो की परेशानी और भी बढ गई है। जो ट्रेन रद्द अथवा कैंसिल की गई है। उनमें ज्यादातर ट्रेन लोकल ही है। इस प्रकार की समस्या 5 जुलाई तक बनी रहेगी।





ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आगाज

**कोरबा।** शासकीय हाई स्कूल पुरेनाखार विकासखण्ड कटघोरा में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संकुल के सात प्राथमिक, दो मिडिल एवं एक हाईस्कूल विद्यालय के नव प्रवेशी छात्र/छात्राओं को शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक, स्कूल ड्रेस देकर, तिलक ,फूल माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत के साथ ससम्मान प्रवेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती झूलबाई कंवर जनपद अध्यक्ष, श्रीमती शारदा लता यादव जनपद सदस्य, श्रीमती रामेश्वरी मंझवार सरपंच, बैशाखू यादव विधायक प्रतिनिधि, प्रसाद सिंह यादव वरिष्ठ समाजसेवी नागरिक, अंशुकार मंझवार सरपंच प्रतिनिधि एवं विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार सिंह द्वारा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय में 100 प्रतिशत बच्चों की प्रवेश लेने, नियमित रूप से विद्यालय आने,मन लगाकर पढ़ाई करने की बातें बच्चों को बताई गई एवं बधाई देकर शुभकामनाएं दी गई।

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान संपन्न



**कोरबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठित नागरिकों से सौजन्य भेंट कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ. के.के. पोरते, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक सर्वेश सोनी, मंदिर पुजारी विष्णु प्रसाद द्विवेदी, आवास लाभार्थी बूंदराम प्रजापति, समाज प्रमुख ताराचंद अग्रवाल, वेटलिफ्टिंग सम्मानित राम सोनी एवं की-वोटर विकास दुबे को संकल्प से सिद्धि तक प्रगति पत्र एवं सशक्तिकरण ही सामर्थ्य पुस्तिका भेंट कर संवाद किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खाद आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं मुंगेली भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू प्रजापति, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष एवं पार्षद सुजीत सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सत्यम यादव, ओबीसी मोर्चा मंडल महामंत्री राजेंद्र साहू एवं सोशल मीडिया प्रभारी खालिद खान उपस्थित रहे।

### जन्म शताब्दी वर्ष पर शक्ति कलश यात्रा का हुआ स्वागत



**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर निकाली जा रही शक्ति कलश यात्रा का कोरबा में श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में गायत्री मंदिर के संरक्षक कमलेश मिश्रा, मुख्य पुजारी अशोक कुमार शुक्ला सहित राजकुमार देवांगन, अरुण कंवर, मनहरण यादव, रामलखन अग्रवाल, चंद्रा जी, चंडी यादव, रामकुमार साहू, संतरा बाई चंद्रा तथा बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने शक्ति कलश का पुष्प वर्षा एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिनंदन किया।

# जल जीवन मिशन की अधूरी बिछी पाइप लाइन, बोरिंग भी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर भले ही समीक्षा के दौरान अधूरे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए जाते हैं। किन्तु उसके बावजूद कार्यों को पूरा करने निर्माण एजेंसियां रफ्तार नहीं पकड़ सकी हैं। जनपद कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लेमरू के पहाड़ी कोरवा बस्ती में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन अधूरी बिछी हुई है। जिस बोर से पानी सप्लाई करना था वह भी खराब पड़ा हुआ है।

ग्रामीण अंचलों में जल जीवन मिशन के कार्यों में ठेका कंपनियां निर्माण के लिए गंभीरता नहीं बरत रही हैं। ग्राम पंचायत लेमरू के पहाड़ी कोरवा बस्ती सारबहरा में जल जीवन मिशन के कार्यों के तहत पाइप लाइन बिछाई गई थी वह भी कई जगह उखड़ गई है। एक वर्ष से पाइप लाइन बिछाने व नल कनेक्शन देने का काम चल रहा है जो गर्मी के मौसम में भी पूरा नहीं हुआ। जिस बोर से पानी की सप्लाई गांव के घरों में किया जाना था वह बोर भी अब जलस्तर के नीचे जाने से खराब पड़ा हुआ है। जिससे विभाग की बोर से पानी सप्लाई करने की योजना पर भी ग्रहण लग गया है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण भूजल स्तर नीचे चले जाने से प्रतिवर्ष ऐसे ग्रामीण अंचलों में हैंडपंप और बोर जवाब दे जाते हैं। जिससे पानी के लिए उन क्षेत्रों के निवासियों को आसपास बहने वाले पहाड़ी नालों या ढोढ़ी पर निर्भर रहना पड़ता है।

### जलस्तर नीचे जाने से बोर दे दिए जवाब

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत लेमरू के पहाड़ी कोरवा बस्ती सारबहरा में एक साल से बनी है समस्या



### हैंडपंप और बोर के भरोसे जल जीवन मिशन

ग्रामीण अंचल के लोग पानी के लिए जल जीवन मिशन के भरोसे हैं। और जल जीवन मिशन प्रोजेक्ट गांव गांव में लगे हैंडपंप के भरोसे हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में पीएचई की रिपोर्ट के अनुसार भूजल स्तर नीचे होने के कारण टंकी का निर्माण किया जाना संभव नहीं है। कई स्थानों में जल स्रोत नहीं मिले जिससे टंकी निर्माण में दिक्कतें खड़ी हो गईं। ऐसे क्षेत्रों के गांव गांव में लगे हैंडपंप से पानी की सप्लाई का घर घर में कनेक्शन देने की योजना थी। पीएचई विभाग ने पाइप लाइन बिछाकर हैंडपंप तक लाया भी लेकिन गर्मी में इन क्षेत्रों के हैंडपंप भी खराब हो गए। ऐसी स्थिति में पाइप लाइन बिछाने का काम भी छोड़ दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में घरों में कनेक्शन जरूर हैं, गांव में पाइप बिछी है, किन्तु हैंडपंप खराब होने से पानी सप्लाई ठप है।

## जल संरक्षण के लिए चल रहे कार्य को लग रहा झटका

# जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बन रहे सरकारी भवनों के लेआउट, वाटर हार्वेस्टिंग गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरकारी भवन के निर्माण के दौरान जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को लेआउट में अनिवार्य किया गया है। लेकिन वर्तमान में जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बन रहे सरकारी भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग का जिक्र तक नहीं है। और न ही इसके निर्माण के लिए लेआउट में कोई उल्लेख किया गया है। बिना वाटर हार्वेस्टिंग के सरकारी भवनों का निर्माण हो रहा है।

डीएमएफ से जिला मुख्यालय से लेकर ब्लाक मुख्यालय व ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूल भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्र भवन के साथ अन्य शासकीय भवन का निर्माण इस समय सभी क्षेत्रों में चल रहा है। इन निर्माण कार्यों की निर्माण एजेंसी आरईएस, लोक निर्माण विभाग से लेकर ग्राम पंचायत को बनाया गया है। आश्चर्य की बात है कि निर्माण के दौरान ठेकेदार को ले आउट दिया गया है। उक्त लेआउट में भवन निर्माण की पूरी तकनीकी जानकारी उपलब्ध है। लेकिन बारिश के पानी के संरक्षण के लिए प्रत्येक शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के निर्माण का कोई तकनीकी उल्लेख नहीं होने के कारण ठेकेदार केवल भवन निर्माण का ही कार्य कर रहे हैं। जबकि शासकीय भवनों में जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किया गया है। निर्माण एजेंसियों की मानें तो भवन का काम पूरा होने के बाद अलग से वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण होगा। जबकि भवन निर्माण के लिए जो राशि जारी की गई है वह केवल निर्माण कार्यों तक के लिए ही है। ऐसे में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण अलग से किए जाने के लिए किस मद से राशि जारी होगी, यह भी सवालों के दायरे में है।

**खास बात**

- बरसात के पानी को सहेजने के लिए बनाई गई है योजनाएं


फाइल फोटो

### पीएम एवं जनमन आवास में भी नहीं बन रहे वाटर हार्वेस्टिंग

पीएम आवास और जन मन आवास के लेआउट के लिए जल संरक्षण जैसे कोई तकनीकी काम किए जाने का उल्लेख नहीं है। निर्माण के दौरान केवल भवन को ही फोकस किया जा रहा है। जबकि दोनों ही आवासों का निर्माण शासकीय राशि से हो रहा है। ऐसे में जल संरक्षण के लिए छोटे छोटे वाटर हार्वेस्टिंग पिट के निर्माण को लेकर भी जनपद व जिला पंचायत भी गंभीर नहीं है।

### केवल मनरेगा के भरोसे जलसंरक्षण

जिस तरह से शासकीय भवनों के निर्माण में जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग जैसे आवश्यक समझे जाने वाले तकनीकी बिंदु को नजर अंदाज किया जा रहा है उससे केवल मनरेगा के भरोसे ही जल संरक्षण का कार्य संपादित किए जाने कार्य सामने आता है। वर्तमान में मनरेगा के द्वारा ही जल संरक्षण के लिए छोटे छोटे डबरी और तालाब गहरीकरण के कार्य हो रहे हैं।

# कुसमुण्डा खदान में डंपर पलटने से ऑपरेटर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुण्डा खदान के ओवरबर्डन डंपिंग क्षेत्र में डंपर संचालन के दौरान एक डंपर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में डंपर ऑपरेटर केबिन में फंस गया जिसकी वजह से उसकी मौके ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और डंपर में फंसे आपरेटर को बाहर निकाला। साथी कर्मी की मौत से कर्मियों ने प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है।

एसईसीएल कुसमुण्डा खदान में सत्यनारायण उम्र 29 वर्ष शनिवार और रविवार की दरमियानी रात लगभग 12:30 बजे ओवरबर्डन डंप क्षेत्र में डंपर का संचालन कर रहा था। इसी दौरान डंपर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना गंभीर था कि डंपर के केबिन में फंसने से ऑपरेटर सत्यनारायण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही खदान प्रबंधन, सुरक्षा विभाग के अधिकारी और बचाव दल मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद डंपर में फंसे ऑपरेटर को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया तथा परिजनों को घटना की सूचना दी गई। जानकारी के अनुसार हादसा ओबी डंप क्षेत्र में कार्य के दौरान हुआ है। हालांकि डंपर पलटने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। खदान प्रबंधन द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही दुर्घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। एसईसीएल की सबसे बड़ी और देश की प्रमुख कोयला खदानों में से एक है। ऐसे में इस दुर्घटना ने खदान में कार्यरत कर्मचारियों और श्रमिकों को झकझोर कर रख दिया है। फिलहाल प्रबंधन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।


मृत डंपर ऑपरेटर।

# नाबालिग कार चालक ने दूसरे कार को मारी टक्कर, डॉक्टर घायल

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना अंतर्गत ग्राम रलिया मेन रोड उमेंदीभांठा के पास एक नाबालिग कार चालक ने दूसरे कार को टक्कर मार दी। हादसे में दूसरे कार में सवार डाक्टर घायल हो गए। डॉक्टर को अस्पताल में भर्ती किया गया है। जांच में पता चला है कि उनकी पसली की दो हड्डियां और अंगूठा फ्रैक्चर हो गया है।

जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉ शक्ति डिक्सेना उम्र 36 वर्ष पिता अंतराम डिक्सेना अपने घर हरदीबाजार से जमनीपाली (दर्री) के लिए कार स्वीफ्ट डिजायर क्रमांक सीजी 12 बीवी 3480 से निकले हुए थे, कार में उनके अलावा एक अन्य युवक भी बैठा था। रात्रि 8 बजे रलिया के आगे देव माइनिंग कंपनी के पास पहुंचे थे कि भिलाई बाजार की तरफ से रलिया हरदीबाजार की तरफ आ रही कीया कंपनी की कार क्रमांक सीजी 12 बीई 1430 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक कार को चलाते हुए डॉ शक्ति डिक्सेना की कार को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डॉ. डिक्सेना की कार का एयरबैग खुल गया, लेकिन फिर भी उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्टीयरिंग से टकराने के कारण उनके सीने की दो पसलियां, अंगूठा, पेट, गला और दोनों हाथ की कलाई में चोट लग गई। हरदीबाजार थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि हरदीबाजार निवासी एक नाबालिग ने घटना को अंजाम दिया है। मामले में पुलिस ने घटनाकारित वाहन क्रमांक सीजी 12 बीई 1430 को जब्ती कर मामले की जांच की जा रही है।


घायल डॉक्टर।

### अनियंत्रित ट्रेलर पलटा, बाल बाल बचे चालक, परिचालक

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की सुबह एक बड़ा हादसे होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार रिस्दा पुल के पास एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेलर अचानक संतुलन खो बैठा और सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। राहत की बात यह रही कि हादसे में ट्रेलर चालक और हेल्पर दोनों सुरक्षित बच गए। दोनों को किसी प्रकार की गंभीर चोट नहीं आई है। प्राथमिक तौर पर दुर्घटना का कारण वाहन का अनियंत्रित होना बताया जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना का सुखद पहलु यह रहा कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।



# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, दो घायल

**कोरबा।** जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत केसशलपुर की है यहां निवासरत सोन कुंवर 37 वर्ष पति पवन सोनवानी अपने गांव में निवास करने वाले एक परिचित के मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से पास के गांव गई हुई थी जहां से वापस लौट के दौरान दोनों केसरपुरा पहुंचे थे कि इसी दौरान केसरपुरा गांव में ब्रेकर में उनकी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सोनकुंवर मोटरसाइकिल से नीचे गिर गई जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी जिसके उपरांत उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान सोनकुंवर की मौत हो गई है। दूसरी घटना दूसरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के राताखार इलाके में रविवार को सड़क पर अचानक आए मवेशी को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में बाइक पर सवार तीन युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के साथी अर्जुन पटेल ने बताया कि 15 ब्लॉक पंप हाउस निवासी सुरेश चौहान, विक्की और वह तीनों रोज की तरह बाइक से जमनीपाली एल्युमिनियम फिटिंग का काम करने जा रहे थे। सुबह राताखार के पास अचानक एक गाय सड़क क्रॉस करने लगी। उसे बचाने के प्रयास में बाइक चालक संतुलन खो बैठा और तीनों बाइक समेत नहर में जा गिरे। इस दुर्घटना में सुरेश चौहान को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विक्की को गंभीर चोटें आई हैं और अर्जुन को मामूली चोटें आई हैं।

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 172/ब- 121/2025-2026
ग्राम- नरियरा तहसील - अकलतरा
आवेदक श्री विनय कुमार उम्र 30 वर्ष पिता श्री रमाकांत पटेल जाति मरार निवासी ग्राम नरियरा तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका भावना पटेल उम्र 26 वर्ष पिता श्री ईश्वर प्रसाद पटेल जाति मरार निवासी ग्राम आजाद चौक सरखोर बलौदाबाजार थाना लवन तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार- भाठापारा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन
**ईश्तहार**
आम जनता ग्राम नरियरा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विनय कुमार उम्र 30 वर्ष पिता श्री रमाकांत पटेल जाति मरार निवासी ग्राम नरियरा तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका भावना पटेल उम्र 26 वर्ष पिता श्री ईश्वर प्रसाद पटेल जाति मरार निवासी ग्राम आजाद चौक सरखोर बलौदाबाजार थाना लवन तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाठापारा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 24.06.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22.05.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**डिप्टी कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
विवाह प्र. क्र 175 /ब-121/2025-2026
ग्राम- नरियरा तहसील-अकलतरा
आवेदक श्री अमन कुमार नोरगे उम्र 29 वर्ष पिता श्री सालिकराम जाति सतनामी निवासी वार्ड नं.18 सागरपारा नरियरा तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका सुमन विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष पिता श्री अनिल कुमार जाति लोहार निवासी नरियरा तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) **बनाम** छत्तीसगढ़ शासन
**ईश्तहार**
आम जनता ग्राम नरियरा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमन कुमार नोरगे उम्र 29 वर्ष पिता श्री सालिकराम जाति सतनामी निवासी वार्ड नं.18 सागरपारा नरियरा तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका सुमन विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष पिता श्री अनिल कुमार जाति लोहार निवासी नरियरा तहसील अकलतरा थाना मुलमुला जिला जांजगीर -चांपा (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 15.07.2026 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 27.05.2026 को कार्यालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
**डिप्टी कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

# महिला ने घर में लगाई फांसी युवक ने जहर खा लिया, मौत

**कोरबा।** जिले में अलग अलग थाना क्षेत्रों में आत्महत्या की दो घटना सामने आयी है जहां एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है तो वहीं दूसरी ओर एक युवक ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया है। पहली घटना दर्री थाना क्षेत्र के संजयनगर बस्ती में घटित हुई है।संजयनगर निवासी मोंगरा देवांगन उम्र 37 पति संतोष कुमार देवांगन ने बीती रात को खाना खाकर दो बच्चे सिद्धार्थ एवं अखिलेश के साथ सोयी हुई थी। रात्रि करीबन 1:30 बजे मोंगरा के दोनों बच्चे अपने पिता को उठाया और घटना के बारे में बताया कि मम्मी कमरे के सिलिंग पंखें में पीला रंग की साड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसके बाद संतोष कुमार ने फंदे खोलकर पत्नी को नीचे उतारा और अपने पड़ोसियों को बुलाया। सुबह इसकी सूचना दर्री थाना पुलिस को दी। दूसरी घटना कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केशलपुर निवासी जान सिंह उम्र 28 वर्ष पिता अजमेर सिंह ने अज्ञात कारणों से कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था जब परिजनों को पता चला कि उसने जहर सेवन कर लिया है ।

* **कोरबा।** जिले ने खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी बार छग राज्य के फूड सेफ्टी इंडेक्स में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष है क्योंकि कोरबा ने रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख जिलों को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान बरकरार रखा है। पिछले वर्ष के 118वें स्थान से आगे बढ़कर 112वें स्थान पर अपनी पहचान स्थापित की है।

जाँजगीर मार्केट

फर्नीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलर: अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेष: सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

TOP IN JANJGIR

APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10 वी एवं 12 वी के छात्रो के लिए सुनहरा अवसर एक वर्षीय कोर्स
प्रवेश प्रारंभ सीमित सीट उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) 495668 मो. 9399743304
कोर्स
- MPW-पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- COT-सर्टिफिकेट इन OT टेक्नीशियन
- DMLT-डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नी.
- एक्स-रे टेक्नीशियन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंश
अस्पतालो या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियो के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध

ADMISSIONS OPEN
Balvatika PLAY SCHOOL
PLAYGROUP TO CLASS 8TH
PLAYGROUP | NURSERY | JUNIOR KG | SENIOR KG | CLASS 1st to CLASS 8th
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

EDUCATION HUB
एक सफल भविष्य की शुरुआत
ADMISSION OPEN ENROLL NOW
CG & CBSE BOARD
Hindi & English Medium
CLASSES 1st to 8th ALL SUBJECT
SPECIAL CLASS 9th to 12th
PHYSICS | CHEMISTRY | MATHSBIOLOGY | COMMERCE
9098888246 | 9098888644
Founder & Director DHANANJAY CHATURVEDI
B.Tech, M.Tech, M.Sc, B.Ed, PhD Pursuing
15 Years Experience

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# एक्शन थ्रिलर टॉक्सिक की नई रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** टॉक्सिक इस साल की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। सुपरस्टार यश की अपकमिंग फिल्म टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स का नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म अब अगस्त में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले दो बार पोस्टपोन हो चुकी है। यश के लिए ये साल काफी खास रहने वाला है। इस साल उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों में एक टॉक्सिक है और दूसरी है नितेश तिवारी की रामायण। यश की टॉक्सिक में उनके साथ नयनतारा और कियारा आडवाणी नजर आनेवाली हैं। यश की टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स 26 अगस्त, 2026 में रिलीज होगी।

लाइफ Style

# निकिता

## कॅरियर का टर्निंग प्वाइंट 'कबीर सिंह'

शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने कॅरियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया। निकिता ने 'कबीर सिंह'को अपने कॅरियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके कॅरियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता जियानकार्लो ने अपनाया इस्लाम

**लॉस एंजिल्स।** सऊदी गजट नाम के एक इंस्टाग्राम पेज पर अमेरिकी अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो का एक वीडियो साझा किया गया। इस वीडियो में वह सऊदी अरब की एक अदालत में नमाज अदा कर रहे थे। इसी वीडियो के कैप्शन में लिखा था, 'ब्रेकिंग बैड' के अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो ने इस्लाम अपनाया।' अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो की परवरिश कैथोलिक धर्म के अनुसार हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने पादरी बनने के बारे में भी सोचा था। एस्पोसिटो की शादी जॉय मैकमैनिगल से हुई थी। उनकी चार बेटियां हैं। बाद में अभिनेता का पत्नी से तलाक हो गया।



# तीसरी बार मां बनेंगी अभिनेत्री एनी, सेलेब्स ने लुटाया प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस एनी हैथवे 43 साल की उम्र में तीसरी मां बना बनेंगी। इस खुशी की खबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ बांटा है। यह खबर जानकर उनके फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एनी हैथवे ने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार देर रात एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह सफेद पहनावे में अपने लिविंग रूम में चल रही हैं। फिर वह घूमती हैं और अपना बेबी बंप दिखाती हैं। वीडियो के कैप्शन में भी लिखा है, ' बेबी, मैं तुम्हारी हूं।'एनी हैथवे और उनके पति एडम की यह तीसरी संतान होगी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी। इनके दो बेटे हैं। 10 साल के बेटे का नाम जोनाथन है, वहीं 6 साल के बेटे का नाम जैक है। अब एनी हैथवे तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। यह खुशी उन्होंने अपने फैंस के साझा की है। एनी हैथवे की पोस्ट पर फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स ने प्यार लुटाया है।



# दादाजी ने घर में कर रखे थे गोलगप्पे बैन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी ग्लोइंग स्किन और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनकी डाइट और उनकी फिटनेस रूटीन को लेकर हमेशा ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके घर में एक अजीब नियम था कि लड़कियां गोलगप्पे नहीं खा सकतीं। उर्वशी रौतेला ने बताया कि यह नियम उनके दादाजी ने बनाया था और घर की सभी महिलाएं यह रूल फॉलो किया करती थीं। एक्ट्रेस ने इसी इंटरव्यू में अपनी ग्लोइंग स्किन का सीक्रेट और फिटनेस का राज भी बताया। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उस वक्त उनके घर में बाहर का खाना पूरी तरह बैन था। हालांकि, उनकी मां इतना टेस्टी खाना बनाया करती थीं कि उनका टिफिन अक्सर चोरी हो जाया करता था।



# भारतीय सिनेमा में हाईएस्ट पैड एक्टर बना रणवीर

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले तक भारतीय सिनेमा में किसी एक्टर के लिए ₹10 करोड़ की फीस बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। 90 के दशक में, चिरंजीवी, कमल हासन और श्रीदेवी पहले ऐसे भारतीय स्टार बने जिन्होंने हर फिल्म के लिए ₹1 करोड़ की फीस ली। अब सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर्स में एक स्टार ने टॉप पर अपनी जगह बना ली है। इस स्टार ने अपने हाल ही के प्रोजेक्ट के लिए 325 करोड़ रुपए की तगड़ी फीस लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। वह सितारा कोई और नहीं बल्कि 2025 और 2026 में सिनेमाघरों में धूम मचाने वाले 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह हैं। फिल्म से मिली भारी कमाई की वजह से रणवीर सिंह अब भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बन गए हैं। 'धुरंधर' की दोनों फिल्मों ने दुनिया भर में ₹3200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

टीवी मसाला



# सांपों के स्टंट में रुबीना को देख चीखीं जैस्मीन-फरहाना

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 15' का नया प्रोमो देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे! शो के खतरनाक स्टंट में रुबीना दिलैक के गले में कई जहरीले सांप लिपटे नजर आए, जिसे देख जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीख पड़ीं। लेकिन बवाल सिर्फ प्रोमो तक ही नहीं है, ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले शो के टॉप 2 फाइनलिस्ट के नाम भी लीक हो गए हैं! प्रोमो में रुबीना के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता है, वहीं उन्हें इस हालत में देखकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीखने लगी। रिलीज हुए प्रोमो में दिखाया गया है कि रुबीना दिलैक एक बेहद मुश्किल स्टंट परफॉर्म कर रही हैं। इस स्टंट के दौरान उनके गले और पूरे शरीर पर कई खतरनाक सांप रेंग रहे हैं। वैसे तो रुबीना को बहुत हिम्मतवाली माना जाता है, लेकिन जब सांप उनके चेहरे के बिल्कुल करीब पहुंच गए, तो वह भी बुरी तरह घबरा गईं। सांपों के इस खतरनाक साये के बीच रुबीना खुद पर काबू रखने की पूरी कोशिश कर रही थीं, लेकिन उनका डर साफ नजर आ रहा था। रुबीना को इस तरह खतरों से खेलते देख बाकी कंटेस्टेंट्स की हालत खराब हो गई। खासकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट, जो वहां बैठकर यह स्टंट देख रही थीं, खुद को चीखने से नहीं रोक पाईं। डर के मारे दोनों की आंखें फटी की फटी रह गईं। प्रोमो में जैस्मीन और फरहाना जोर-जोर से रोते और चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं, जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार शो में खतरों का लेवल कितना ज्यादा बढ़ गया है।

## सीआईडी में लाश बनकर कमाए 3000 रुपए

**नई दिल्ली।** कभी पहचान बनाने के लिए उन्हें ऐसे किरदार भी निभाने पड़े, जिन पर शायद ही किसी की नजर जाती हो। एक लोकप्रिय शो में वह 'लाश' बनकर घंटों बिना हिले-डुले पड़ी रहीं। सीन के दौरान कलाकार उनकी आंखें खोलकर जांचते थे और वह सब कुछ सहते हुए अपने सपनों को जिंदा रखे हुए थीं। बदले में मिलते थे सिर्फ 3000 रुपए। आज उनकी सफलता के पीछे छिपी यही अनकही कहानी लोगों का दिल छू रही है। 'बिग बॉस 16' और 'खतरों के खिलाड़ी 13' जैसे बड़े रियलिटी शोज से देशभर में अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अर्चना गौतम आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और अनफिल्टर्ड बयानों के लिए मशहूर अर्चना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय किया। लेकिन, उनके लिए यह मुकाम हासिल करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। रियलिटी गेम शो 'तुम हो ना - घर की सुपरस्टार' में बतौर खास मेहमान नजर आने वाली हैं। इस शो को राजीव खंडेलवाल होस्ट कर रहे हैं।



# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में ट्रंप की मिमिक्री, आलिया हुईं रोस्ट

**नई दिल्ली।** स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना ने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड की शुरुआत में ही आलिया भट्ट का खूब मजाक बनाया। समय के अलावा एक प्रतियोगी ने भी आलिया को रोस्ट किया, उन पर मजाकिया ढंग से तंज कसे। यह प्रतियोगी शो में डोनाल्ड ट्रंप बनकर आया था। इस शख्स की मिमिक्री ने सबका दिल जीत लिया था।


ट्रंप बने प्रतियोगी ने इंटरनेशनल मुद्दों पर मजाकिया ढंग से कटाक्ष किया। यह देखकर सब उनकी तारीफ कर रहे थे। आलिया ने भी कुछ बोलने की कोशिश की लेकिन वह सकपका गईं। इस पर प्रतियोगी ने कहा, 'कोई इनको स्क्रिप्ट दो।' यह बात जैसे ही ट्रंप बने प्रतियोगी ने कही आलिया और बाकी जजेज की हंसी छूट गई। समय रैना के शो के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट की रोस्टिंग देखकर सोशल मीडिया यूजर्स को भी खूब मजा आया। एक यूजर ने रिएक्शन देते हुए लिखा, 'आलिया आपके इसके लिए तैयार नहीं थीं।' एक अन्य ने लिखा, 'आलिया नर्वस थीं, लेकिन आपके अच्छा परफॉर्म किया।' फैंस आलिया की तारीफ करते नजर आए।





# सितारों ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह नजर आया। इस मौके पर कई सितारों ने योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं और फैंस को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। फिटनेस के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी ने भी गुरुग्राम में लोगों के साथ योग किया और सभी को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज और पोस्ट शेयर कर योग और फिटनेस के लिए फैंस को प्रेरित किया। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी मुंबई में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ योग करते नजर आए। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। एक्टर शाहिद कपूर और श्रीलीला भी योग दिवस के मौके पर फैंस के साथ योग करते नजर आए।





हाल ही में 'पति पत्नी और वो 2' में नजर आईं रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर योगा डे की बधाई दी और योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं।




## मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में

# काजोल से लेकर संजय तक ने साझा की फादर्स-डे पर खास पोस्ट

*'मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में' एक अज्ञात शायर की यह चंद पक्तियां पिता के विराट अस्तित्व को बखूबी बयां करती हैं। आम लोगों से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक ने फादर्स-डे सेलिब्रेट किया। सोशल मीडिया पर इस खास मौके पर कई सेलेब्स ने अपने पिता के लिए खास पोस्ट साझा की हैं। काजोल ने पिता और मां तनुजा की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। फादर्स डे पर साझा की गई अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में वह लिखती हैं, 'पुरानी तस्वीरें देखते हुए यह अहसास होता है कि मेरी हंसी में आप आज भी कितने जिंदा हैं। आपकी हर दिन याद आती है, पापा। हैप्पी फादर्स डे।'*

**नई दिल्ली।** हुमा कुरैशी ने तो अपने पिता के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक इमोशनल कैप्शन भी वह लिखती हैं, 'बचपन में हमें लगता था कि हमारे पापा के पास हर सवाल का जवाब है। फिर हम बड़े हुए और हमें अहसास हुआ कि वे भी चीजों को समझने और संभालने की कोशिश कर रहे थे। ऐसी जिम्मेदारियां निभा रहे थे जिन्हें हम समझ नहीं पाते थे। ऐसे त्याग कर रहे थे जिनके बारे में उन्होंने कभी बात नहीं की। हर दिन डटे रहे, तब भी जब जिंदगी आसान नहीं थी। इस सफर में कहीं न कहीं, आप अपने पापा को सिर्फ एक पिता के तौर पर नहीं बल्कि उस भूमिका के पीछे छिपे इंसान के तौर पर देखने लगते हैं। इससे सब कुछ बदल जाता है।'



ईशा देओल ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में पिता धर्मेंद्र को याद करते हुए लिखा, 'लव यू पापा।' पिछले साल दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हुआ था।

संजय दत्त ने भी अपने पिता सुनील दत्त को याद करते हुए एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की है, इसके कैप्शन में वह लिखते हैं, 'पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। आपको बहुत याद करता हूं। काश आप यहां होते, आप मेरी ताकत हैं और हमेशा रहेंगे।'

'पुष्पा' फिल्म फेम और साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने पिता के नाम फादर्स डे पर एक प्यार भरा मैसेज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। वह लिखते हैं, 'मेरे पिता ही मेरे भगवान हैं। वे ऐसे भगवान हैं जिन्हें मैं देख सकता हूं, जिनकी आवाज सुन सकता हूं, जिनसे बात कर सकता हूं और जिन्हें छू सकता हूं और उन्होंने ही मुझे जिंदगी में लगभग सब कुछ दिया है। मेरे पापा और दुनिया के सभी प्यारे पिताओं को 'हैप्पी फादर्स डे'।'

*राजपाल यादव ने भी अपनी बेटियों के साथ प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। साथ ही कैप्शन लिखा है, 'मैंने जिंदगी में बहुत सारे किरदार निभाए हैं और आगे भी निभाता रहूंगा लेकिन 'पापा' का किरदार सबसे प्यारा, सबसे खास और हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।'*

*अनन्या पांडे ने भी पिता चंकी पांडे के साथ एक पुरानी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। साथ ही लिखा है- हैप्पी फादर्स डे पापा।*

*करण देओल ने भी अपने पिता सनी देओल के नाम एक इमोशनल पोस्ट साझा की है। वह 'बंटवारा 1947' में सनी देओल के साथ अभिनय भी कर रहे हैं।*

*जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा ने भी फादर्स डे पर एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इसमें जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ और कृष्णा नजर आ रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ में हुआ सामूहिक योगाभ्यास




**नवागढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों, अभिभावकों, आचार्य परिवार, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं महर्षि पतंजलि के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष समर्थ सिंह दीक्षित, नगर पंचायत उपाध्यक्ष निरंजन कोसले, महामंत्री अंजलि झाम कश्यप, महामंत्री गोपी यादव, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष हितेश साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।वरिष्ठ आचार्य मदन देवांगन ने योगाभ्यास का संचालन करते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम के लाभ बताए। नगर पंचायत अध्यक्ष अर्चना देवांगन ने योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया। नगर पंचायत उपाध्यक्ष निरंजन कोसले ने योग को स्वस्थ एवं सफल जीवन का आधार बताया।विद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारत की गौरवशाली संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योग एवं प्राणायाम से मन, मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रहते हैं तथा जीवन में सकारात्मकता का विकास होता है।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राम गोपाल पांडे, व्यास कश्यप, मंगलेश्वर आदित्य, इंद्रजीत कश्यप, सूरज बंजारे, नंदनी तिवारी, निशा धीवर, निधि दिवर, नरेंद्र साहू, अनुराग केसरवानी, अकेश पांडे, संचालन समिति के सदस्य, पूर्व छात्र, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सभी के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### राज्य कर्मचारी संघ ने केबिनेट बैठक में धारा 49 को विलोपित करने प्रस्ताव रखने की मांग

**जांजगीर-चांपा।** राज्य कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ शासन एवं मप्र शासन द्वारा राज्य पुनर्गठन के समय लागू धारा 49 विलोपित कर दोनों राज्यों के पेंशनरों को राहत प्रदान करने की मांग की है। कर्मचारी संघ का कहना है कि छत्तीसगढ़ राज्य बना उस समय और भी नये राज्यों का पुनर्गठन किया गया था किन्तु छत्तीसगढ़ के पेंशनरों के साथ इस धारा को लागू किया गया। मध्यप्रदेश ने स्वयं इस अन्याय को स्वीकार करते हुए छत्तीसगढ़ के दस हजार करोड़ रुपए मध्यप्रदेश के पास होने की तथ्य स्वीकार किया है उस राशि में से दो हजार करोड़ रुपए मध्यप्रदेश ने छत्तीसगढ़ को भेज दिया है। राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ के प्रदेशाध्यक्ष विरेन्द्र नामदेव ने पेंशनरों के हितार्थ इस मुद्दे को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया है। आज भी इस विषय पर महासंघ संघर्षरत है। शासन को बार बार ध्यान आकृष्ट कराए जाने के कारण छत्तीसगढ़ शासन ने मध्यप्रदेश को पत्र लिखा एवं छत्तीसगढ़ को उसका वाजिब हक दस हजार करोड़ रुपए मिल भी गया। दस हजार करोड़ रुपए में से सिर्फ मध्यप्रदेश ने अभी मात्र दो हजार करोड़ रुपए छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को भेजा है। राष्ट्र वादी भारतीय पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश संगठन मंत्री अरूण कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए छत्तीसगढ़ शासन से 23 जून को आहूत केबिनेट बैठक में धारा 49 को विलोपित करने का प्रस्ताव रखने मांग की है। इस प्रस्ताव के पारित होने पर न केवल छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को राहतमिलेगा अपितु मध्यप्रदेश के पेंशनरों के डी ए डी आर की बढ़ोतरी पर अनावश्यक दोनों राज्यों के सहमति के जंजाल से मुक्ति मिलेगी। राष्ट्रवादी संगठन राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रांताध्यक्ष एवं वर्तमान प्रांतीय संगठन मंत्री भारतीय पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से निवेदन किया है कि प्रदेश के बुजुर्ग पेंशनरों को 2 प्रतिशत लम्बित डी ए डीआर की घोषणा करते हुए पेंशनरों को शीघ्र राहत प्रदान करें ताकि उन्हें किसी भी प्रकार से परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कोड़ा भाट मंडल के संयोजक बने विवेक

**खरौद।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश महामंत्री पवन साय,प्रदेश संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ देवेंद्र कश्यप के निर्देश पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े की सहमति से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ विनोद शर्मा ने जिला कार्यकारिणी के अंतर्गत में पामगढ़ विधानसभा कोड़ा भाट मंडल में विवेक सोनी को चिकित्सा संयोजक मनोनीत किया है। विवेक सोनी के नियुक्ति पर कोड़ा भाट मंडल के अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप एवं महामंत्री उत्तम सोनी ने तथा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।



## निधन

### श्रीमती निर्मला यादव

**पामगढ़।** ग्राम चंडीपारा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मी यादव की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला यादव का 54 वर्ष की उम्र में रविवार 21 जून की शाम निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा सोमवार 22 जून को सुबह 9 बजे रावण भाठा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।



सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टर एवं एसपी ने विशेष अभियान चलाने दिए निर्देश

# अतिक्रमण हटाने, ब्लैक स्पॉट सुधार और यातायात नियमों का कड़ाई से करें पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने सोमवार 22 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात सुरक्षा उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री महोबे ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में सुधार कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां दुर्घटनाओं की संभावना अधिक रहती है, वहां स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, कैट आई, सड़क प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने सड़क पर अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि सड़क किनारे अवैध कब्जों एवं अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। कलेक्टर ने राजस्व, नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग को समन्वय बनाकर अभियान चलाने तथा सड़क सुरक्षा में बाधक अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्कूलों एवं महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने तथा मोटरयान अधिनियम के उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने दुर्घटना की स्थिति में घायलों को गोल्डन ऑवर के भीतर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित संस्थाओं को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने दुर्घटनाजन्य स्थलों पर जिग-जैग मार्किंग, रम्बल स्ट्रिप, साइन बोर्ड, रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था एवं वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर नियमित पेट्रोलिंग, ओवर स्पीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव तथा ढाबों के आसपास सड़क पर वाहन खड़े करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने हेलमेट, सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, ओवर स्पीडिंग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ कलेक्टर-एसपी ने लॉ एण्ड ऑर्डर के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अपर कलेक्टर आर.के. तंबोली, अपर कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, जिला परिवहन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।




बैठक में शामिल कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय।



उपस्थित अधिकारी।



## समर कैंप मनोरंजन नही, बच्चों के विकास का प्रभावी मंच : दीवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

ग्रामीण बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए बम्हनीडीह विकासखंड के प्राथमिक शाला सोंठी की शिक्षिका द्वारा घर पर संचालित निःशुल्क समर कैम्प का समापन रविवार को हुआ।

- प्राथमिक शाला सोंठी की शिक्षिका द्वारा संचालित नि:शुल्क समर कैंप में बच्चों ने सीखे अनेक हुनर

समापन समारोह के अतिथि प्राचार्य एम डी दीवान, बीईओ रत्ना थवाईत, बीआरसी हीरेन्द्र बेहार, सीएसी सुशील शर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। अतिथियों का स्वागत शिवप्रकाश जायसवाल , ममता जायसवाल द्वारा गुलदस्ता भेंटकर किया गया। इसके पश्चात ममता जायसवाल द्वारा 15 दिवसीय समर कैम्प की गतिविधियां बताई गई। अपने सम्बोधन में प्राचार्य एम डी दीवान ने कहा कि समर कैंप केवल मनोरंजन का माध्यम नही है बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने बच्चों को जीवन मे निरंतर सीखने रहने , स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने के लिए प्रेरित किया। बीईओ रत्ना थवाईत ने कहा कि समर कैम्प में बच्चों ने जो अपनी प्रतिभा का परिचय दिया वह निःसन्देह सराहनीय है। बच्चों में स्वयं से सीखने की कला जागृत हुई है । बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि समर कैंप बच्चों में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का संचार करता है। शिक्षिका ममता जायसवाल ने कहा कि बच्चों के रचनात्मक, बौद्धिक एवं मनोवैज्ञानिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कैम्प संचालित की जाती है ।

सभी गतिविधियों में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार का वितरण भी किया गया । समर कैंप में नृत्य, चित्रकला, स्टोन पेंटिंग, ड्राइंग, कला, पोस्टर निर्माण, मेहदी, रंगोली प्रतियोगिता सिखाया गया।

## मेरी युवा बहनों ने मनाया योग दिवस, सूक्ष्मअभ्यास और उनके विभिन्न आयामों का किया गया संचालन



**जांजगीर-चांपा।** मेरी युवा बहनों संगठन ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को योग कार्यक्रम का आयोजन किया। योग के सूक्ष्मअभ्यास और उनके विभिन्न आयामों का संचालन श्रीमती लुभावनी सोनी के द्वारा करवाया गया। इस मौके पर जीवन में योग का महत्व और वर्तमान समय में आवश्यकता पर चर्चा की गई । साथ ही अध्यक्ष श्रीमती राजेश्री सोनी का सम्मान करते हुए योग दिवस मनाया गया । योग दिवस के अवसर पर सदस्य श्रीमती नम्रता, भगवती, लुभावनी रीना,रजनी, ज्योति ,राजेश्री रुचि, सोना,रेवती ,प्रीति, आरवि ,प्रज्ञा एवं श्रीजा सोनी उपस्थित रहे । श्रीमती रेवती सोनी ने मेरी युवा बहनों संगठन की सभी बहनों का आभार व्यक्त किया ।

### करण ने पास की नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप एग्जाम

**हसौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद के कक्षा आठवीं के छात्र करण कुमार खांडे ने नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप एग्जाम को पास कर लिया है। इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य शिवप्रसाद द्विवेदी, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गुरुदत्त गबेल, शिक्षक लंबोदर दास महंत, अशोक कुमार कुर्रे, रितु कश्यप तथा पद्मावती जायसवाल ने शुभकामनाएं दी है। एनएमएमएसई भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जाने वाली प्रमुख छात्रवृत्ति योजना है जिसका उद्देश्य मेधावी छात्रों को आठवीं के बाद पढ़ाई जारी रखने के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करना है।



## जवानों ने दैनिक जीवन में योग को अपनाने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 11वीं वाहिनी ( भा. / र.) छसबल पुटपुरा परिसर में सेनानी विमल कुमार बैस के मार्गदर्शन में भव्य और उत्साहवर्धक सामूहिक योग शिविर और जन-जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

- 11वीं वाहिनी पुटपुरा में योग शिविर एवं जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित

योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान वाहिनी के उप सेनानी संतोष कुमार बोरकर, सहायक सेनानी मनोज राजपूत, कंपनी कमाण्डर मीनाराम, सूबेदार मेजर प्लाटून कमाण्डर अनूप सिंह, एसआई देवेन्द्र सिंह, प्रशिक्षु एसआई अविनाश पोटाई, बीएचएम प्रआर. पंकज साहू एवं वाहिनी के सभी जवानो द्वारा योग प्रशिक्षक प्रधान आरक्षक लक्ष्मण यादव एवं शैलेन्द्र बंजारा के संचालन में विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया तथा जवानों द्वारा योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान उप सेनानी संतोष कुमार बोरकर ने कहा कि सुबह उठकर योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है। योग करते रहने शरीर में बीमारियों का संचार नहीं होता।



योग करते 11 वाहिनी के अधिकारी एवं जवान।

## योग दिवस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, चांपा में उत्साह और उमंग के साथ योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

इस अवसर पर लायंस एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमैन लायन राम प्रपन्ना देवांगन, लायंस क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी, एमजेएफ लायन डॉ संतोष अग्रवाल, सचिव लायन राजेश अग्रवाल, लायन डॉ जी.पी. दुबे एवं लायन वासुदेव देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। योग सत्र के दौरान प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योगाभ्यास कराए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन लायन रामप्रपन्ना देवांगन ने योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए कहा, “करे योग, रहे निरोग” ।लायंस क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन संतोष सोनी ने योग के वैज्ञानिक, आध्यात्मिक एवं खगोलीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है तथा जीवन में संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है।कार्यक्रम के अंत में लायन डॉ जी.पी. दुबे ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में वी.के. वर्मा एवं गौरव कटकवार का विशेष सहयोग रहा।




योग करते लायन सदस्य एवं स्कूल स्टाफ।

## न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को् यवहार न्यायालय परिसर पामगढ़ में योग शिविर का आयोजन माननिया न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति पामगढ़ श्रीमती शीलू केसरी जी की गरिमा में उपस्थिति में किया गया । योगाचार्य कृष्ण कुमार साहू ने उपस्थित अधिवक्ताओं एवं न्यायालय के कर्मचारियों को योग दिवस 2026 की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग की बात करते हुए यम, नियम, आसन, प्राणायाम की जानकारी देते हुए अनुलोम विलोम, सूर्यनमस्कार, ताड़ासन,वृक्षासन, गरुड़ासन, भुजंगासन, धनुरासन, सर्वांगासन एवं खाने के तुरंत बाद किया जाने वाला एकमात्र आसन वज्रासन सहित विभिन्न योग कराये।

उन्होंने बताया कि सुबह उठकर योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है योग करते रहने शरीर में बीमारियों का संचार नहीं होता। व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती शीलू केसरी ने अपने उद्बोधन में सभी को योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि योग एक प्राचीन विद्या है जो मन , शरीर और आत्मा को जोड़ती है । योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन को भी शान्त करता है इसलिए हमें नित्य योग करना चाहिए। इस अवसर पर राधाकांत केसरी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्यामलाल सांडे, अधिवक्ता गण मनोज खरे नोटरी, भारत भूषण बंजारे, मुन्ना जांगड़े, कांति केसरवानी, कौशल कश्यप, शिव पात्रे, न्यायालय के कर्मचारी गण व्यास नारायण राठौर, श्रद्धा गुप्ता, मनोज जायसवाल, कृष्ण कुमार साहू,आनंद कश्यप, संदीप साहू, प्रदीप पटेल , मोहन जांगड़े,ओमप्रकाश कुर्रे, गजानंद प्रसाद कश्यप,नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, संतोष सिंह भूराज, मितराज उपस्थित रहे।




योग शिविर में उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अधिवक्ता तथा न्यायालयीन कर्मचारी।

## हसौद स्कूल में किया गया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल हसौद परिसर में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय हसौद के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक योगाभ्यास कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं आमज सहित कुल 147 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास कर नियमित योग करने का संकल्प लिया। योगाभ्यास का शुभारंभ भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन निर्मल सिन्हा पूर्व विधायक एवं सभापति जिला पंचायत सक्ती के द्वारा किया गया। इसके पश्चात योगाचार्य दूजराम जयसवाल ने उपस्थित सभी लोगों को सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही सूर्य नमस्कार के 12 चरणों का अभ्यास भी कराया गया। योगाचार्य ने नियमित योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग व्यक्ति को निरोग, तनावमुक्त एवं ऊर्जावान बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन योग करने की अपील करते हुए करें योग, रहें निरोग का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शासकीय आयुर्वेद औषधालय हसौद एवं शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल हसौद के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों तथा विद्यालय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



### मिडिल स्कूल केरीबंधा में मनाया गया योग दिवस

**सक्ती।** मिडिल स्कूल केरीबंधा में 21जून रविवार कोअंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर केरीबंधा के भूतपूर्व सरपंच नटवर लाल नेताम,पंच हरिसिंह गोंड़, सेवती सिदार एवं पालकों में सक्रिय पालक चारपारा से मीना साहू ने भारतमाता के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था प्रमुख प्रधानपाठक नरेन्द्र वैष्णव ने मंत्रोच्चार के साथ प्रातःकालीन बेला में योग की महत्ता प्रतिपादित करते हुए सबका अभिनंदन कर प्रति दिवस योग करने का आह्वान किया। उनके द्वारा अत्यंत सरल और सहज ग्राह्य भाषा में उपस्थित जनों को योगाभ्यास से जोड़ा गया। ग्राम चारपारा से कार्यक्रम में उपस्थित कक्षा ग्यारहवीं की बालिका सोनम साहू ने अत्यंत सहजता पूर्वक अनुलोम-विलोम,कपालभाति, सर्वांगासन,शीर्षासन, मयूरासन, कुक्कुटासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, ताड़ासन, वृक्षासन,मत्स्यासन,वज्रासन व शशांकासन का अभ्यास कराया। पूर्व सरपंच नेताम ने करें योग, रहें नीरोग के नारे की सार्थकता पर ध्यानकेन्द्रित कर तन-मन और धन की सुरक्षा हेतु अपने कर्तव्यों व दायित्वों को समझने संकल्पित होने कहा गया। कार्यक्रम समापन के पूर्व प्रधानपाठक नरेन्द्र वैष्णव ने शवासन कराते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस आयोजन की मजबूत नींव रखी गई है। हमें निज स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए देश के महानविभूतियों का सदा स्मरण करना चाहिए। कार्यक्रम की सफलता में शालानायक शोभा सिदार, उप शालानायक पायल कुमारी केंवट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी बालिका सुहाना पटेल, हर्षिता बरेठ व रेयांश,रोशनी, रंजना,राशि,अंशु का योगदान रहा।



### लोहर्सी गौठान में नव कल्याण संघ के तत्वाधान में हुआ सामूहिक योग



**राहौद।** 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नव कल्याण संघ एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने ग्राम लोहर्सी के गौठान में अपने सभी कार्य कर्ताओं के साथ साथ योग आसन प्राणायाम करके योग दिवस मनाया ।,योग प्रशिक्षक धीरेन्द्र योगी के मार्गदर्शन में सभी नव कल्याण संघ के सदस्य गण, स्व-सहायता समूह के बहनों ने सामुहिक योग कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक श्री योगी योग करने से शरीर को होने वाले के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने योग कार्यक्रम में पहुंचे सभी से अनुरोध किया की हमें योग नित्य करना चाहिए,योग से शरीर स्वस्थ रहता है, निरोग रहता है मन भी शांत रहता है, आज के इस तनाव भरी दिनचर्या में रोज एक घंटा योग हमारे लिए बहुत ही फायदेमंद है, ध्यान से हमें शांति मिलती है। प्रदेश कार्यकारि अध्यक्ष किरन कुमार बर्मन,संतोष यादव, किशन जांगड़े, जीवराखन, पुनीता प्रजापति पूर्व माटी कला बोर्ड सदस्य, अशोक, शिवकुमार,कामनी यादव,आशना रात्रे,रेशमति संजीव खूंटे, मनीराम साहू,नीलांबर, सहित संयोजकगण व ग्रामीण उपस्थित थे।